संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A,अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) – 462011

फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E-m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र./मबावि/SAP-2/2025/2106 भोपाल, दिनांकः 19/06/2025

प्रति,

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय,
भोपाल, मध्यप्रदेश

विषयः– आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन बाबत।

विभाग अंतर्गत जिलों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाना है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित जिलेवार रिक्त पदों की पदपूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन, प्रदेश के संबंधित जिलों में सर्वाधिक प्रसारित 02 हिन्दी समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में प्रकाशित किये जाने हेतु विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया संलग्न विज्ञप्ति, उक्तानुसार समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

19/06/25
(सूफिया फारूकी वली)
आयुक्त
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक/मबावि/SAP-2/2025/ भोपाल,दिनांक /06/2025

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. संभागीय आयुक्त, संभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी.ऑनलाइन, भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, संभाग–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
9. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
10. बाल विकास परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना– समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19/06/25
आयुक्त
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 - A, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) - 462011

फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र./मबावि/SAP-2/2025/2106 भोपाल, दिनांक: 19/06/2025

विज्ञप्ति

आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एव आंगनवाडी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

आवेदन आमंत्रण सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाडी सहायिकाओं के **पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों** हेतु पात्र महिलाओं से जिलेवार निम्नानुसार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

क्र.	संभाग का नाम	जिले का नाम	रिक्त पदों की संख्या	
			आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	आंगनवाड़ी सहायिका
1	भोपाल	भोपाल	32	289
2	भोपाल	रायसेन	27	452
3	भोपाल	राजगढ़	28	501
4	भोपाल	सीहोर	27	270
5	भोपाल	विदिशा	57	528
6	चम्बल	भिण्ड	31	469
7	चम्बल	मुरैना	47	633
8	चम्बल	श्योपुर	56	375
9	ग्वालियर	अशोकनगर	51	260
10	ग्वालियर	दतिया	42	228
11	ग्वालियर	गुना	51	544
12	ग्वालियर	ग्वालियर	44	231
13	ग्वालियर	शिवपुरी	95	611
14	इंदौर	अलीराजपुर	36	839
15	इंदौर	बडवानी	50	244
16	इंदौर	बुरहानपुर	18	94
17	इंदौर	धार	54	539
18	इंदौर	इंदौर	32	196
19	इंदौर	झाबुआ	51	890
20	इंदौर	खंडवा	45	168
21	इंदौर	खरगोन	55	356
22	जबलपुर	बालाघाट	45	271
23	जबलपुर	छिंदवाडा	53	341
24	जबलपुर	डिण्डौरी	59	348
25	जबलपुर	जबलपुर	35	422
26	जबलपुर	कटनी	28	252
27	जबलपुर	मंडला	58	524
28	जबलपुर	नरसिंहपुर	32	134
29	जबलपुर	पाण्ढुर्ना	12	45
30	जबलपुर	सिवनी	43	310
31	नर्मदापुरम	बैतूल	50	177
32	नर्मदापुरम	हरदा	21	122
33	नर्मदापुरम	नर्मदापुरम	24	264
34	रीवा	मैहर	14	125
35	रीवा	मऊगंज	6	281
36	रीवा	रीवा	32	390

क्र.	संभाग का नाम	जिले का नाम	रिक्त पदों की संख्या	
			आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	आंगनवाड़ी सहायिका
37	रीवा	सतना	25	324
38	रीवा	सीधी	30	121
39	रीवा	सिंगरौली	18	200
40	सागर	छतरपुर	44	322
41	सागर	दमोह	31	321
42	सागर	निवाड़ी	13	71
43	सागर	पन्ना	13	328
44	सागर	सागर	66	483
45	सागर	टीकमगढ़	21	223
46	शहडोल	अनूपपुर	30	150
47	शहडोल	शहडोल	53	276
48	शहडोल	उमरिया	39	155
49	उज्जैन	आगर मालवा	16	124
50	उज्जैन	देवास	30	252
51	उज्जैन	मंदसौर	23	297
52	उज्जैन	नीमच	22	169
53	उज्जैन	रतलाम	39	508
54	उज्जैन	शाजापुर	28	138
55	उज्जैन	उज्जैन	45	292
कुल			**2027**	**17477**

1. विज्ञापन में जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी उल्लेखित है। **बाल विकास परियोजना एवं आंगनवाड़ी केन्द्रवार रिक्त पदों का विवरण** संबंधित जिले/बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं **MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** पर उपलब्ध है।
2. नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्ते, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी MP Online द्वारा तैयार **"चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** एवं **विभागीय वेबसाइट पोर्टल mpwcdmis.gov.in** पर उपलब्ध है।
3. रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक योग्यताऐं एवं अहर्ताऐं :–
   - 3.1 **जिस ग्राम/नगरीय क्षेत्र के वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति की जानी है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी/नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य ग्राम/वार्ड की महिला आवेदन हेतु पात्र नहीं है।**
   - 3.2 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी (12वीं उत्तीर्ण) अनिवार्य** है।
   - 3.3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष** होना अनिवार्य है।
4. **आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र, विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस की समयावधि में ही केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**
5. **आवेदिका द्वारा रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन भरते समय ही आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्र PDF Format में अपलोड किये जायेंगे। आवेदन के उपरांत आवेदन में संशोधन की सुविधा निर्धारित अवधि हेतु ही उपलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से भरे गये आवेदन के प्रिंटऑउट की प्रति संबंधित आवेदिका द्वारा सुरक्षित रखी जायेगी।**
6. **विभाग के संचालनालय, संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय को प्रेषित नियुक्ति संबंधी आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।**
7. **ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in) पर उपलब्ध है। आवेदन MP Online द्वारा स्थापित कियोस्क के माध्यम से या स्वयं MP Online के पोर्टल पर जाकर भर सकते है। MP Online द्वारा भरे जाने वाले आवेदन हेतु शुल्क राशि रूपये 100/– एवं 18% GST निर्धारित है।**

8. MP Online से संबंधित समस्या निराकरण हेतु **हेल्पलाईन नंबर– 0755–6720208** है।
9. जिन आंगनवाडी केन्द्रों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञप्ति जारी की जा रही है, उनके संबंध में यदि कलेक्टर/अपर कलेक्टर/संभाग आयुक्त/अपर आयुक्त के न्यायालय अथवा माननीय़ उच्च न्यायालय में यदि कोई वाद प्रचलित है अथवा भर्ती प्रकिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है तो माननीय न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा अर्थात् चयन एवं नियुक्ति माननीय न्यायालय के निर्णय के अधीन रहेगी।
10. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या/विज्ञापित रिक्त पदों में परिवर्तन का अधिकार विभाग का होगा।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(प्रज्ञा अवस्थी)
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास
मध्यप्रदेश